प्रेस विज्ञप्ति-

भाषा विश्वविद्यालय में "राष्ट्रीय एकता दिवस" का आयोजन

दिनांक 31 अक्टूबर 2022 को के एम सी भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो एनबी सिंह के मार्गदर्शन में 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट, रोवर्स एवं रेंजर्स तथा एनएसएस स्वयं सेवकों सहित विश्वविद्यालय के कई छात्र एवं छात्राओं ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

इस क्रम में “रन फॉर यूनिटी” में सर्वाधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। डॉ.शारिक, समन्वयक रोवर एंड रेंजर ने रन फॉर यूनिटी की महत्ता पर प्रकाश डाला और

विश्वविद्यालय के डीएलडब्लू प्रो सौबान सईद एवं एनसीसी एएनओ डॉ. (ले.) बुशरा अलवेरा ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

इसके साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ नलिनी मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम चौधरी द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ.सिद्धार्थ सुदीप रोवर इंचार्ज एवं आमना हुसैन रेंजर इंचार्ज तथा डॉ ज़फ़रुन नकी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी एवं राष्ट्रीय एकता में उनके योगदान पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में डॉ लक्ष्मण सिंह एवं डॉ पूनम चौधरी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान अपने विचार रखे।

साथ ही इस अवसर पर एक लघु वृत्तचित्र भी दिखाया गया। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष प्रो तनवीर खदीजा, डॉ रूचिता सुजय चौधरी, डॉ हारून रशीद, डॉ राम दास, डॉ जैबुन निसा द्वारा किया गया।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

के एम सी भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ